# UP Police Constable Answer Key 2024 (Unofficial) for Feb 17 Shift 1

## Hindi Section

निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द तत्सम हैं ?

(A) कुम्हार, गधा (B) पलंग, पीला

(C) नव्य, स्वर्णकार (D) डंडा, नाक

**Ans: C**

'नलिन' और 'राजीव' शब्द निम्नलिखित में से किस शब्द के पर्यायवाची हैं ?

(A) उपवन (B) अंबर

(C) उत्कर्ष (D) कमल

**Ans: D**

'पूर्व और उत्तर के बीच की दिशा' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(A) ईशान (B) आग्नेय

(C) वायव्य (D) नैऋत्य

**Ans: A**

किस विकल्प में शब्द श्रुतिसम-भिन्नार्थक का सही अर्थ-भेद है ?

(A) प्रकृत – प्राकृत = एक भाषा – यथार्थ

(B) व्रण – वर्ण = रंग – घाव

(C) शशधर – शशिधर = चाँद – शिव

(D) विष – विस = धन – जहर

**Ans: C**

निम्नलिखित में से किस विकल्प में शुद्ध वाक्य है ?

(A) वह ऑफिस में बैठा मेरी प्रतीक्षा कर रहा है ।

(B) दीन –दुर्बलों को प्यार करना मानवता है ।

(C) दस बजने को पंद्रह मिनट हैं ।

(D) लड़के अध्यापक को प्रश्न पूछते हैं ।

**Ans: B**

निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द का चयन कीजिए :

(A) पराधीनता (B) अजवायन

(C) मुद्रिका (D) विहार

**Ans: D**

निम्नलिखित में से किस शब्द का प्रयोग एकवचन में होता है ?

(A) प्राण (B) सोना

(C) दर्शन (D) हस्ताक्षर

**Ans: B**

हे ईश्वर ! दया करो । रेखांकित शब्द में कौन सा कारक है ?

(A) संबोधन कारक (B) करण कारक

(C) संप्रदान कारक (D) कर्म कारक

**Ans: A**

निम्नलिखित में से तद्भव शब्द कौन सा है ?

(A) जलधि (B) शांति

(C) ताप (D) काज

**Ans: D**

'अभिभाषण' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?

(A) अभ (B) अ

(C) अभि (D) अभी

**Ans: C**

'रक्तरंजित' शब्द में कौन सा समास है ?

(A) तत्पुरुष समास

(B) अव्ययीभाव समास

(C) द्वंद्व समास

(D) द्विगु समास

**Ans: A**

क्यों, कब कौन से सर्वनाम के उदाहरण हैं ?

(A) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(B) प्रश्नवाचक सर्वनाम

(C) निश्चयवाचक सर्वनाम

(D) निजवाचक सर्वनाम

**Ans: B**

'मदिरालय' शब्द के संधि-विच्छेद का चयन कीजिए :

(A) मदिरा + लय (B) मदिरा + अलय

(C) मदिर + आलय (D) मदिरा + आलय

**Ans: D**

अवतरण चिह्न को और किस नाम से जाना जाता है ?

(A) निर्देशक चिह्न (B) कोष्ठक चिह्न

(C) योजक चिह्न (D) उद्धरण चिह्न

**Ans:D**

'सतसई' शब्द में किस प्रकार के संख्याबोधक विशेषण का प्रयोग है ?

(A) गणनावाचक विशेषण

(B) आवृत्तिबोधक विशेषण

(C) समुच्चयबोधक विशेषण

(D) अनिश्चित संख्याबोधक विशेषण

**Ans: A**

'राधा ने पायल से चिट्ठी लिखवाई ।' इस वाक्य में कौन सी क्रिया है ?

(A) प्रेरणार्थक क्रिया (B) संयुक्त क्रिया

(C) नामधातु क्रिया (D) पूर्वकालिक क्रिया

**Ans: A**

'चिल्लाहट' में कौन सा प्रत्यय है ?

(A) आहट (B) हट

(C) चिल्ला (D) चि

**Ans: A**

'राम अभी सोएगा ।' इस वाक्य में कौन सा वाच्य होगा ?

(A) इनमें से कोई नहीं (B) भाववाच्य

(C) कर्तृवाच्य (D) कर्मवाच्य

**Ans: C**

'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे का अर्थ बताइए :

(A) साधारण बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना

(B) आक्रमण करना

(C) धाक बैठना

(D) व्यर्थ काम करना

**Ans: A**

'परोक्ष' का विलोम शब्द है

(A) द्रष्टव्य (B) अपरोक्ष

(C) स्थूल (D) प्रत्यक्ष

**Ans: D**

35. 'चमड़ी जाए, पर दमड़ी न जाए' लोकोक्ति का अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है ?

(A) जान चली जाए पर पैसा न जाए

(B) पैसे का बहुत मोह होना

(C) अत्यधिक कंजूस होना

(D) पैसा ही माँ-बाप दोनों

**Ans: C**

36. 'क्रोध' किस रस का स्थायी भाव है ?

(A) वीर रस (B) रौद्र रस

(C) भयानक रस (D) वीभत्स रस

**Ans: B**

सोरठा के द्वितीय और चतुर्थ चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(A) 16 (B) 13

(C) 11 (D) 10

Ans: B

निम्नलिखित में से किस अलंकार में समान धर्म का होना अनिवार्य है ?

(A) यमक (B) उत्प्रेक्षा

(C) उपमा (D) श्लेष

Ans: C

निम्नलिखित में से 'भाग' शब्द का अनेकार्थी शब्द किस विकल्प में नहीं है ?

(A) हिस्सा (B) बाँटना

(C) ब्याज (D) भागना

Ans: C

'वह बाज़ार जा चुका है ।' इस वाक्य का काल पहचानिए ।

(A) आसन्न भूतकाल/पूर्ण वर्तमानकाल

(B) संदिग्ध वर्तमानकाल

(C) सामान्य वर्तमानकाल

(D) पूर्ण भूतकाल

Ans: A

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(प्र. सं. 41-45)**

भारत भयंकर अंग्रेज़ी–मोह की दुरवस्था से गुज़र रहा है । इस दुरवस्था का एक भयानक दुष्परिणाम यह है कि भारतीय भाषाओं के समकालीन साहित्य पर उन लोगों की दृष्टि नहीं पड़ती जो विश्वविद्यालयों के प्रायः सर्वोत्तम छात्र थे और अब शासन–तंत्र में ऊँचे ओहदों पर काम कर रहे हैं । इस दृष्टि से भारतीय भाषाओं के लेखक केवल यूरोपीय और अमेरिकी लेखकों से हीन नहीं हैं, बल्कि उनकी किस्मत मिस्र, बर्मा, इंडोनेशिया, चीन और जापान के लेखकों की किस्मत से भी खराब है क्योंकि इन सभी देशों के लेखकों की कृतियाँ वहाँ के अत्यंत सुशिक्षित लोग भी पढ़ते हैं । केवल हम ही हैं जिनकी पुस्तकों पर यहाँ के तथाकथित शिक्षित समुदाय की दृष्टि प्रायः नहीं पड़ती । हमारा तथाकथित उच्च शिक्षित समुदाय जो कुछ पढ़ना चाहता है, उसे अंग्रेज़ी में ही पढ़ लेता है, यहाँ तक कि उसकी कविता और उपन्यास पढ़ने की तृष्णा भी अंग्रेज़ी की कविता और उपन्यास पढ़कर ही समाप्त हो जाती है और उसे यह जानने की इच्छा ही नहीं होती कि शरीर से वह जिस समाज का सदस्य है उसके मनोभाव उपन्यास और काव्य में किस अदा से व्यक्त हो रहे हैं ।

भारतीय लेखकों की किस्मत खराब है क्योंकि
(A) उनकी पुस्तकों को यहाँ के नागरिक गर्व-योग्य नहीं मानते ।
(B) वे अपनी बात भारतीय शिक्षित पाठकों तक पहुँचा नहीं पाते ।
(C) वे अपनी भाषा के साहित्य को पढ़कर अपने समाज का हाल-चाल नहीं जान सकते ।
(D) वे अपनी भाषा में लिख नहीं सकते ।

**Ans: B**

उपयुक्त शीर्षक दीजिए -
(A) भारतीय लेखकों की दुर्दशा
(B) भारतीय शिक्षितों का अंग्रेज़ी-मोह
(C) भारतीय शिक्षितों की दुरवस्था
(D) भारत की दुरवस्था

**Ans: A**

भारत का सुशिक्षित समाज कौन सा साहित्य पढ़कर संतुष्ट हो जाता है ?
(A) भारतीय (B) देशी
(C) अंग्रेज़ी (D) हिंदी

**Ans: C**

भारतीय भाषाओं के साहित्य के प्रति समाज के किस वर्ग में अरुचि की भावना है ?
(A) नगरवासी (B) अनपढ़
(C) सुशिक्षित (D) उच्च

**Ans: C**

मीराबाई किसकी शिष्या थीं ?
(A) संत एकनाथ (B) संत रैदास
(C) संत तुकाराम (D) संत नामदेव

**Ans: A**

निम्नलिखित में से कौन सी भाषा पश्चिमी हिंदी से संबंध रखती है ?

(A) अवधी (B) बाँगरू

(C) भोजपुरी (D) राजस्थानी

**Ans: B**

निम्नलिखित में से 'नहीं' कौन से प्रकार का रीतिवाचक क्रियाविशेषण है ?

(A) निषेधवाचक (B) प्रश्नवाचक

(C) निश्चयबोधक (D) विधिबोधक

**Ans: B**

निम्नलिखित में से 'नहीं' कौन से प्रकार का रीतिवाचक क्रियाविशेषण है ?

(A) निषेधवाचक (B) प्रश्नवाचक

(C) निश्चयबोधक (D) विधिबोधक

**Ans: A**

निम्नलिखित में से 'समुद्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द कौन सा है ?

(A) वैराग (B) भोर

(C) रत्नाकर (D) भव

**Ans: C**

'मेघ-मेध' श्रुतिसम-भिन्नार्थक शब्द का सही अर्थ-भेद निम्न में से कौन सा है ?

(A) यज्ञ – जल (B) बादल – जीवन

(C) यज्ञ – बादल (D) बादल – यज्ञ

**Ans: D**

'स्त्री जो अभिनय करती हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए ।

(A) नायिका (B) अभिनेत्री

(C) गायिका (D) नर्तकी

**Ans: B**

‘मानसरोवर’ किसकी रचनाओं का संकलन है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) महादेवी वर्मा

(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर (D) प्रेमचंद

**Ans: D**